**NEWS CLIPPING: 13.08.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि में विदेशी छात्रों के लिए दाखिले का अवसर

### कुलपति प्रो. दिनेश ने जारी किया दाखिला कार्यक्रम, 15 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन



*विदेशी छात्रों के लिए दाखिला कार्यक्रम जारी करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 12 अगस्त (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर, 2021 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, निदेशक एडमिशन डॉ मनीषा गर्ग, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा तथा समन्वयक डॉ. सपना तनेजा भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों (विज्ञान, प्रबंधन और मीडिया स्टडीज) में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की है। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों की अपेक्षा करता है।

विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी राष्ट्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है, जिसके लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते है। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया ( ओसीआई) या पर्सन आफ इंडियन आरिजन (पीआईओ) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.08.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के लिए दाखिला 15 सितम्बर तक



**फरीदाबाद, 12 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, निदेशक एडमिशन डॉ मनीषा गर्ग, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा तथा समन्वयक डॉ. सपना तनेजा भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों (विज्ञान, प्रबंधन और मीडिया स्टडीज) में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की है। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों की अपेक्षा करता है।

विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी राष्ट्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है, जिसके लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते है। इसके अलाव, विद्यार्थी ia@jcboseust.ac.in पर भी संपर्क कर सकते है। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया ( ओसीआई) या पर्सन आफ इंडियन आरिजन (पीआईओ) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विश्वविद्यालय से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है। डॉ. सपना तनेजा ने बताया कि विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।

**NEWS CLIPPING: 13.08.2021**

## THE PIONEER

# जेसी बोस में विदेशी छात्रों के लिए दाखिले का अवसर

### कुलपति प्रो. दिनेश ने जारी किया दाखिला कार्यक्रम, 15 सितम्बर तक करें आवेदन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, निदेशक एडमिशन डॉ. मनीषा गर्ग, अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा और समन्वयक डॉ. सपना तनेजा भी उपस्थित थे।

कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों (विज्ञान, प्रबंधन और मीडिया स्टडीज) में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की है। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों की अपेक्षा करता है।

विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी राष्ट्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है, जिसके लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते है। इसके अलाव, विद्यार्थी ia@jcboseust.ac.in पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**NEWS CLIPPING: 13.08.2021**

**AMAR UJALA**

# विदेशी छात्रों के लिए दाखिले का अवसर

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बृहस्पतिवार को शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका जारी किया।

कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों में



जेसी बोस विवि में दाखिला कार्यक्रम जारी करते हुए कुलपति। -संवाद

## जेसी बोस में विवि ने जारी किया दाखिला कार्यक्रम, 15 सितंबर तक होगा आवेदन

पांच प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं विकसित की जा रही है। डॉ. दिनेश ने कहा कि शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों की अपेक्षा करता है। अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, निदेशक एडमिशन डॉ. मनीषा गर्ग, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा, समन्वयक डॉ. सपना तनेजा आदि उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING: 13.08.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# विदेशी छात्र 15 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में दाखिला लेने के लिए विदेशी छात्र 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में विदेशी छात्रों को दाखिला देने के लिए कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने शेड्यूल जारी किया है। कुलपति ने कहा कि अकैडमिक, वैज्ञानिक व सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना यूनिवर्सिटी की प्राथमिकता है। यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग कोर्सेज में 15 प्रतिशत सीटें व अन्य कोर्सेज में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित की है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अलग से होस्टल की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। इच्छुक छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।